# संस्था का परिचय

भविष्य मानसिक निःशक्त संस्था का परिचयः– भविष्य डॉस प्रशिक्षण एवं सोशल वेलफेयर सोसाइटी की स्थापना मानसिक निःशक्त बच्चों के शिक्षण/प्रशिक्षण हेतु पुनर्वास हेतु विशेष डे-केयर सेन्टर विद्यालय के लिए 10 जनवरी 2009 में की गई जो कि सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग से मान्यता एवं जिला निराश्रित निधि से अनुदान प्राप्त है संस्था द्वारा जिले के आस पास के ऑटिज्म, सेरेब्रल पाल्सी, मानसिक मंदता और बहु-विकलांगता के हितग्रहियों को पुनर्वास के लिए विद्यायल संचालित किया जा रहा है साथ ही साथ कौशल प्रशिक्षण, जो संस्था में प्रदान किया जाता है संस्था द्वारा दिव्यांग बच्चों के निरामया बीमा के तहत केल्म करने में सहायता की जाती है ताकि स्थानीय लोगों के बीच जागरूकता फैलाने में भी मदद करता है, सूचना वितरण के लिए शिविर आयोजित करता है संस्था में डे-केयर में 50 बच्चों है अंधिकाश आस पास के क्षेत्रों से है हमारी संस्था आंशिक रूप से राज्य सरकार द्वारा वित पोषित है और शेष सम्मानित दाताओं द्वारा उपलब्ध कराया जाता है।

संस्था में विशेष शिक्षक, संगीत शिक्षक,ड्राइंग शिक्षक, थैरपी, वोकेशनल ट्रेनिंग, सहित एस नियमित स्टाफ है।

संस्था में दिव्यांग बच्चों को बैग कुशन आदि सिलाई का प्रशिक्षण दिया जाता है संस्था में दिव्यांग बच्चों को इको फ्रेंडली गणेश प्रतिमा का मुख्य है जिसमें दिव्यांग को प्रशिक्षण दिया जाता है। राष्ट्रीय न्यास भारत सरकार की योजनाओं के अंतर्गत नर्मदापुरम जिले के आस पास के दिव्यांग ऑटिज्म, सेरेब्रल पाल्सी, बौद्धिक दिव्यांग,बहु-विकलांगता के निरामया बीमा के केल्म कराने एवं लीगल गार्जिशिन शिप में उनकी सहायता करना।

AKL

सचिव
भविष्य निःशक्त विशेष, विद्यालय
[illegible] म.प्र.

# प्रतिवेदन 22-23

**अप्रैल 2022**

अप्रैल संस्था का नया सत्र प्रारंभ हुआ बच्चों को कन्या भोज का आयोजन किया गया।

**जुलाई 2022**

विगत वर्षो इस वर्ष भी शहर के आसपास के क्षेत्र मालाखेड़ी,ग्वालटोली,ईदगाहा मोहल्ला, आदि अतिअल्प दिव्यांग बच्चों का सर्वे कर परीक्षण व पहचान कर पालको को परामार्श दिया तथा निरामय बीमा की जानकारी दी गई।

**अगस्त 2022**

इस माह राष्ट्रीय न्यास द्वारा संचालित निरामया बीमा योजन के हितग्राहियों के क्लेम एवं संस्था के दिव्यांग बच्चों को निरामय बीमा योजना से जोड़ा गया एवं उनके क्लेम की प्रकिया की गई। तथा 15 अगस्त का सांस्कृतिक कार्यकम की प्रस्तुति की गई संस्था द्वारा निरामय बीमा जिले में पंजीयन हितग्राहीयों के क्लेम में सहायता की गई। इसी माह गणेशत्सव होने के कारण बौधिक दिव्यांग बच्चों द्वारा इको फ्रेंडली गणेश के 2500 बनकर तैयार किये। इन प्रतिमा का प्रदर्शन हेतु स्टाल विवेकानंद घाट एवं संस्था प्रांगण मे लगाया गया।

**सितम्बर 2022**

इस माह गुरूओं का सम्मान पर्व आता है जो कि संस्था में दिव्यांग बच्चों द्वारा अपने प्रिय शिक्षक/शिक्षिकाओं को माला एवं श्रीफल देकर किया गया। बच्चों को शिक्षक का दिवस का महत्व श्रीमति राखी परसाई द्वारा बताया गया। इस अवसर पर दिव्यांग बच्चों द्वारा संस्कृतिक कार्यकम प्रस्तुत किए एवं स्वल्पाहार कराया गया।

संस्था द्वारा निरामया बीमा योजना 2022.23 के नर्मदापुरम जिले एवं हरदा जिले के कुल 3861 प्रकरणो का नवीनकारण एवं नये किये गया एवं दिव्यांग बच्चों को क्लेम करने में भी संस्था द्वारा सहायता की जाती रहीं।

**अक्टुबर 2022**

माह में दीपावली पावन पर्व आने के कारण संस्था के सहयोगी सदस्य एवं दिव्यांग बच्चों द्वारा मिट्टी की कलात्मक चीजें जैसे- लक्ष्मी चरण,मिट्टी के गमले, शुभ-लाभ स्वास्तिक,झूमर आदि सजावटी सामान बनाए गया। इन वस्तुओं की प्रदशनी हेतु दीपावली उत्सव मेला प्रांगण में 3 दिवसीय लगाया गया जिन्हें उत्साह वर्धन हेतु कई सामाजिक संगठन एवं जिलाधीश महोदय श्री नीरज सिंह सह पत्नि संस्था में पधारे। उन्होनें दिव्यांग के उत्साह वर्धन हेतु उनके द्वारा निर्मित वस्तुओं को 5000रू. सहायता राशि देकर खदीदा

भविष्य निःशक्त विशेष, विद्यालय
... म.प्र.

एवं उपहार स्वरूप फर्नीचर दिव्यांग बच्चों को भेंट दिए। एवं निरंतर संस्था द्वारा निरामया हितग्राहीयों के क्लेम संस्था द्वारा कराये जा रहें।

**नबम्बर 2022**

इस माह बाल दिवस के अवसर पर संस्था के दिव्यांग बच्चों को खेलकूद प्रतियोगता करवाई गई एवं उनके उत्साहवर्धन हेतु उन्हें पुरूरकार वितरित किए गये एवं दिव्यांग बच्चों द्वारा अक्षर ज्ञान एवं संस्था में 3 दिसम्बर विश्व विकलांग दिवस में भाग लेने के लिए तैयारी कराई गई। निरामय के कुछ हितग्राहीयों के प्रकरणों का नवीनकरण एवं नया किये गये।

**दिसम्बर 2022**

इस माह विश्व विकलांग दिवस का आयोजन कार्यक्रम में संस्था के बौधिक दिव्यांग बच्चों द्वारा भाग लिया गया एवं पुरूरकार प्राप्त किये। निरामया बीमा के कुछ हितग्राही जिन्हें क्लेम पर कार्यावाही नहीं हो रहीं थी उसके संबंध में रक्षा टीपीए को मेल से सूचिता किया गया एंव उन हितग्राहीयों को क्लेम का लाभ दिलाया गया।

**जनवरी 2023**

इस माह संस्था के दिव्यांग बच्चों को सामाजिक न्याय विभाग से मिलने वाली सामाजिक सुरक्षाा पेंशन में बच्चों के फार्म भरे गये एवं उनकी आगे की कार्यवाही की गई, साथ ही निरामया बीमा के जिले के दिव्यांग बच्चों के क्लेम करने में सहायता की गई

इसके आलाव गणंतत्र दिवस के उपलक्ष्य में हाने वाले सांस्कृतिक कार्यकम के लिए विशेष बच्चों की तैयारी करवाई गई।

**फरवरी 2023**

फरवरी माह में संस्था के दिव्यांग बच्चों को राम जी बाबा मेले में सास्कृतिक कार्यकम की प्रस्तुति दी दिव्यांग बच्चों को अक्षरो का ज्ञान कराये गया। एवं इस प्रशिक्षण से दिव्यांग बच्चों आत्मनिर्भर बन सकेंगें जिले के दिव्यांग बच्चें जिनके निरामया बीमा उनको उसका लाभ एवं क्लेम की कार्यावाही की गई।

**मार्च 2023**

होली उत्सव होने पर बच्चों को होली क्यों बनाई जाती है उस के बारे में शिक्षक द्वारा बताया गया एवं दिव्यांग बच्चों को रंगों की जानकारी दी एवं दिव्यांग बच्चों के साथ संस्थाा प्रांगठा में होली समिति सदस्य की उपस्थित में बनाये गया।

AKL
सचिव
भविष्य निःशक्त विशेष. विद्यालय
... म.प्र.


© 2023 Google
भविष्य नि:शक्त विशेष
विधालय, नर्मदापुरम्
7879468268








स्वतंत्रता का
अमृत
के साथ


Date
चित्र पहचानो नाम लिखो






WINNER
VERSACE
ORIGINAL




भविष्य विशेष विद्यालय तृतीय वार्षिक उत्सव - 15.02.2013




DIVYA KALA
MELA
नि:शक्त विशेष
नगर, होशंगाबाद (म.
लायंस क्लब

